**अश्विनी वैष्णव बोले,** मुख्यमंत्री से चर्चा कर जमीन तय करेंगे, गूगल के आने के भी दिए संकेत

# केन्द्रीय आइटी मंत्री ने की घोषणा, जयपुर में बनेगा आधुनिक एआइ हब और डेटा सेंटर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** रेल एवं आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि जयपुर में आधुनिक एआइ हब व डेटा सेंटर बनाया जाएगा। सीएम से चर्चा कर जमीन तय की जाएगी। उन्होंने पिछले दिनों गूगल के उस निर्णय का भी जिक्र किया, जिसके तहत गूगल ने भारत में एआइ हब बनाने की घोषणा की थी। इससे राजस्थान में भी एआइ हब के लिए गूगल के आने की चर्चा शुरू हो गई है।

मंत्री वैष्णव गुरुवार को भाजपा जयपुर शहर की ओर से अम्बाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित आत्मनिर्भर भारत अभियान के कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने लघु उद्योग भारती के साथ मिलकर इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग ट्रेनिंग सेंटर खोलने की बात दोहराई। इसमें 5 हजार युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। विधि मंत्री जोगाराम पटेल, सहकारिता मंत्री गौतम दक, सांसद मंजू शर्मा, महापौर कुसुम यादव, शहर अध्यक्ष अमित गोयल भी मंचासीन रहे।

## 'जापान के रेल मंत्री हुए वंदे भारत के कायल'

**वैष्णव** ने बताया कि हाल ही भारत आए जापान के रेल मंत्री को सूरत से मुंबई तक वंदे भारत ट्रेन में यात्रा कराई। यात्रा में उन्होंने ट्रेन की टच लाइट देखी तो बोले हमारी बुलेट ट्रेन में यह नहीं है। वहीं टेबल पर रखा पानी का गिलास ट्रेन चलने के बावजूद न हिला, न छलका। यह देखकर जापानी मंत्री हैरान रह गए। वैष्णव ने कहा वंदे भारत आज पूरी दुनिया को हिला रही है। यही आत्मनिर्भर भारत है।

## सम्मेलन : भारत की बताई क्षमता

**केंद्रीय** मंत्री अश्विनी वैष्णव आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत ही सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने यह संकल्प लिया कि हर क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बने। दस साल पहले जहां मोबाइल फोन आयात किए जाते थे, अब भारत 'मेड इन इंडिया' मोबाइल बना रहा है। सेमीकंडक्टर और वंदे भारत ट्रेनें भी भारत की तकनीकी क्षमता का प्रतीक हैं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। सम्मेलन विधायक गोपाल शर्मा के संयोजन में आयोजित हुआ, जिसमें जयपुर सांसद मंजू शर्मा, पैरालंपियन देवेंद्र झांझड़िया सहित भाजपा नेता व व्यापारी शामिल हुए। इस दौरान पद्म पुरस्कारों से सम्मानित लोगों का सम्मान भी किया गया।

# गरीब, जरूरतमंदों को मिला स्वरोजगार का साधन



## 54 गरीब परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ा, केन्द्रीय मंत्री ने की बात

**जयपुर.** भाजपा जयपुर शहर ने पहल करते हुए आत्मनिर्भर भारत, संकल्प अभियान के तहत गरीब-जरूरतमंद परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ा है। अम्बाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विधवा महिलाओं, गरीब और निराश्रित परिवारों को स्वरोजगार के लिए आवश्यक सामग्री वितरित की। इसमें विभिन्न प्रकार की सामग्री सहित कबाड़ी से जुड़े काम के लिए ट्रॉली रिक्शा, वजन तोलने की मशीन, वैल्डिंग मशीन, लोहारी का सामान, सौंदर्य निखार उत्पाद, मूंगफली, गजक के ठेले, किराने का सामान दिए ताकि वे इससे रोजगार शुरू कर सकें। इनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। केन्द्रीय मंत्री भी इस माहौल को देख चकित हुए और इस काम की प्रशंसा की। विधि मंत्री जोगाराम पटेल कहा कि प्रदेश में जिला इकाई की ओर से यह बड़ी पहल है, जो सभी के लिए नजीर बनेगी। घुमंतू जाति उत्थान न्यास ने इन जरूरतमंदों का चयन किया। भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि स्वरोजगार से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा।